## प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 02.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **ईरान–इजराइल युद्ध का झारखंड में भी असर, राज्य के कई लोग खाड़ी देशों में फंसे, वामदलों ने रांची में किया प्रदर्शन।**
2. **देवघर में बनेगा ब्रह्मोस मिसाइल प्लांट, रक्षा मंत्रालय ने दी सैद्धांतिक मंजूरी, सांसद निशिकांत दुबे ने कहा– खुलेंगे रोजगार के नए अवसर।**
3. **बाबाधाम में आज से होगी तीन दिवसीय होली महोत्सव की शुरुआत, सरायकेला में सदियों पुरानी परंपरा आस्था का उत्सव भी होगा शुरु।**
4. **राज्य में गर्मी ने दी दस्तक, मार्च के पहले ही सप्ताह में पारा 35 डिग्री के करीब पहुंचा, मौसम विभाग ने अगले चार दिन मौसम गर्म रहने का जताया पूर्वानुमान।**
5. **संजू सैमसन के धमाके से टी–20 विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंचा भारत, अब पांच मार्च को मुंबई में इंग्लैंड से होगा महामुकाबला।**

********************

ईरान और इजराइल के बीच छिड़े भीषण संघर्ष का व्यापक असर झारखंड में भी देखा जा रहा है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार हजारीबाग, गिरिडीह, बोकारो और रांची जिलों के सैकड़ों युवक रोजगार के सिलसिले में ईरान, इजरायल और पड़ोसी खाड़ी देशों में कार्यरत हैं। युद्ध के कारण उड़ानों के रद्द होने से वे वहां फंसे हैं। इसी बीच, राजधानी रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर भाकपा माले और अन्य वामपंथी संगठनों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से अपील की है कि वह अंतरराष्ट्रीय मंच पर युद्ध रोकने के लिए दबाव बनाए और खाड़ी देशों में फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित स्वदेश लाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करे।

********************

देवघर में अब अत्याधुनिक ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण इकाई स्थापित की जाएगी। रक्षा मंत्रालय ने इसके लिए सैद्धांतिक सहमति दे दी है। सांसद डॉ. निशिकांत दुबे की पहल पर लिए गए इस फैसले के लिए देवघर के मोहनपुर प्रखंड के तिलौना में 300 एकड़ सरकारी जमीन पहले ही चिन्हित की जा चुकी है। श्री दुबे ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी देते हुए लिखा है कि यह परियोजना न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करेगी, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार और औद्योगिक विकास के नए द्वार भी खोलेगी।

********************

राजधानी रांची में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान–2026 के तहत प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यशाला के दौरान प्रदेश प्रभारी डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा सहित राज्यभर के जिला अध्यक्ष और प्रशिक्षण टोलियों ने हिस्सा लिया। नेताओं ने आगामी चुनावों को देखते हुए संगठन की मजबूती और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने की रणनीति पर चर्चा की।

********************

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केंद्र सरकार किसानों के हित में दो बड़े सुधार लागू करने जा रही है। कृषि मंत्री ने उत्तराखंड के मसूरी में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार एक प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्म को अपडेट कर रही है।

********************

इस वर्ष फरवरी में वस्तु और सेवाकर यानी जीएसटी संग्रह एक लाख 83 हजार करोड़ रूपये से अधिक रहा है। इसी महीने केन्द्रीय जीएसटी संग्रह 37 हजार चार सौ 73 करोड़ रूपये और राज्य जीएसटी संग्रह 45 हजार नौ सौ करोड़ रूपये रहा। एकीकृत जीएसटी संग्रह एक लाख करोड रूपये से अधिक था।

********************

जामताड़ा जिले के फतेहपुर में बाल विवाह मुक्त समाज के संकल्प के साथ एक विशेष जागरूकता रथ रवाना किया गया। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर

पर उन्होंने कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है और इसे जड़ से खत्म करने के लिए सामूहिक जागरूकता जरूरी है।

*******************

रांची में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में हनुमानगढ़ी, अयोध्या के महंत राजू दास ने समाज को एकजुट होने का आह्वान किया। विश्व हिंदू परिषद के इस आयोजन में उन्होंने कहा कि सनातन धर्म समावेशी है और सबको गले लगाता है। उन्होंने सभी से राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम करने की अपील की।

*******************

रांची में कल ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के 138वें जन्मोत्सव पर भारी भीड़ उमड़ी। इस भव्य कार्यक्रम में राज्यभर से आए हजारों अनुयायियों ने हिस्सा लिया। धर्मसभा में वक्ताओं ने ठाकुर जी के उपदेशों को मानव अस्तित्व की रक्षा और प्रगति के लिए अनिवार्य बताया।

*******************

विश्व प्रसिद्ध बाबानगरी देवघर में आज से तीन दिवसीय होली उत्सव शुरू हो रहा है। परंपरा के अनुसार, बाबा बैद्यनाथ मंदिर में विशेष पूजा के बाद बाबा को अबीर–गुलाल अर्पित किया जाएगा, जिसके साथ ही पूरे नगर में फाग गीतों की गूंज और रंगों का खेल शुरू हो जाएगा।

वहीं, राज्य की सांस्कृतिक राजधानी सरायकेला में सदियों पुरानी दोल यात्रा की परंपरा आज से जीवंत होगी। वर्ष 1818 से चली आ रही इस परंपरा के तहत, भगवान श्रीकृष्ण पालकी पर सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे।

*******************

राज्य में इस बार फरवरी के जाते ही गर्मी ने अपने कड़े तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। मार्च के पहले ही सप्ताह में राज्य के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है, जो सामान्य से अधिक है। मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के अनुसार, अगले चार दिनों तक आसमान साफ रहेगा और धूप की तपिश में और बढ़ोतरी होगी।

*******************

टी 20 क्रिकेट विश्विकप में भारत ने वेस्टेइंडीज को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। कल रात कोलकाता के ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 196 रन बनाए। जवाब में संजू सैमसन के 97 रन की बदौलत भारतीय टीम ने 4 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। संजू को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल 4 मार्च को ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच होगा जबकि दूसरा सेमीफाइनल पांच मार्च को मुंबई में भारत और इंग्लैंड के बीच होगा। दोनों मैचों के विजेता 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में फाइनल खेलेंगे।

*******************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने ईरान–इजराइल युद्ध की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– खामेनेई खत्म, बदले की आग भड़की।

**हिन्दुस्तान** के शब्द हैं– झारखंड के कई लोग जंग के बीच खाड़ी देशों में फंसे।

**प्रभात खबर** लिखता है– कुड़मी अधिकार महारैली में जुटे हजारों लोग।

**दैनिक जागरण** के अनुसार, हाथियों की आवाजाही वाले 18 जिलों में बनेगा रेस्क्यू सेंटर।